निदेशालय तकनीकी शिक्षा
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
हिमाचल प्रदेश सुन्दरनगर

# PUBLIC NOTICE

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सभी राजकीय व निजि बहुतकनीकी संस्थानों (Polytechnics) में चल रहे डिप्लोमा कोर्सो में प्रवेश हेतु Admission Counseling schedule विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है जिसका पूर्ण विवरण हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट www.hptechboard.com एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय की वेबसाईट www.techeduhp.nic.in login through www.himachal.nic.in->Departments->Technical Education पर उपलब्ध है।

**D.Pharmacy से सम्बंधित उम्मीदवार–**

डिप्लोमा फार्मेसी कोर्स में प्रथम चरण की कांऊसलिंग के लिए Online form/प्राथमिकताएं भरने हेतू हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट पर दिनांक 06–06–2017 तक आवेदन कर सकते है। पात्र उम्मीदवार को कम से कम 05 प्राथमिकताएं **(केवल संस्थान)** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट पर दिए गए लिंक मे उपलब्ध आनलाईन फार्म में भरनी होगी।

**PAT से सम्बंधित उम्मीदवार–**

जिन उम्मीदवारों ने पैट (PAT)-2017 **में भाग लिया है वे** Online प्रथम चरण की कांऊसलिंग के लिए प्राथमिकताएं भरने हेतू हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट **पर 12–06–2017 तक** आवेदन कर सकते है। पात्र उम्मीदवार को कम से कम दस प्राथमिकताएं **(संस्थान एवं व्यवसायों) का चयन करके** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट में दिए गए लिंक मे उपलब्ध आनलाईन फार्म में भरनी होगी।

**LEET से सम्बंधित उम्मीदवार–**

जिन उम्मीदवारों ने लीट (LEET) की प्रवेश परीक्षा में भाग लिया है वे प्रथम चरण की कांऊसलिंग के लिए 03/06/2017 से 16/06/2017 तक व्यवसायों एवं संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर भर सकते हैं। पात्र उम्मीदवार को कम से कम दस प्राथमिकताएं **(संस्थान एवं व्यवसायों) का चयन करके** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट में दिए गए लिंक मे उपलब्ध आनलाईन फार्म में भरनी होगी।

इसके अतिरिक्त द्वितीय एवं तृतीय चरण की कांऊसलिंग के लिए भी विभाग द्वारा schedule जारी कर दिया गया है जिसका पूर्ण विवरण हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्राथमिकताएं भरने के पश्चात उस चरण की प्राथमिकताओं में परिवर्तन नही किया जा सकेगा और choices freeze **हो जायेंगी, जिसका प्रिंट** भी लिया जा सकता है

इसके अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि Online form /प्राथमिकताएं भरने हेतू प्रदेश में सरकारी व गैर सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों (Govt./Private Polytechnics) और सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITIs) में निःशुल्क सुविधा केन्द्रों की व्यवस्था की गई है। अतः इच्छुक उम्मीदवार उक्त सुविधा केन्द्रों में जाकर online सुविधा का उपयोग कर सकते हैं।

जो पात्र उम्मीदवार Sports category से (PAT/LEET/D.Pharmacy) में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन उम्मीदवारों को अपने प्रमाणपत्रों, के सत्यापन हेतू **08–06–2017** को प्रातः 10:00 बजे राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सुन्दरनगर में उपस्थित होना होगा व तभी Sports certificates का लाभ मिलेगा। Online सीट प्राप्त होने पर उम्मीदवार को सीधे सम्बन्धित संस्थान में प्रवेश हेतु सभी मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होना होगा तथा शुल्क भी उसी संस्थान में निधारिंत तिथि/समय सीमा के अन्दर जमा करवाने होंगें।

इसके अतिरिक्त यह भी अवगत करवाया जाता है कि राजकीय बहुतकनीकी सुन्दरनगर में मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा शारीरिक रूप से अक्षम उम्मीदवारों के लिए 25 सीटें आरक्षित हैं। इन 25 सीटों के लिए PWD scheme के अन्तर्गत प्रवेश लेने वाले सभी योग्य उम्मीदवार अपने मूल दस्तावेजों एवं आवश्यक शुल्क सहित राजकीय बहुतकनीकी सुन्दरनगर (Govt. Polytechnic Sundernagar) में दिनांक 02–06–2017 को प्रातः 10:00 बजे counseling में भाग ले सकते हैं।

**उपरोक्त सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतू** Toll Free Number 1800-180-8025 (10:00 AM to 5:00PM) **पर सभी कार्य दिवसों को सम्पर्क कर सकते हैं।**

हस्ता0/

निदेशक
तकनीकी शिक्षा
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
हिमाचल प्रदेश